समस्या | आगामी समस्याओं को नजर अंदाज कर रहा जल संसाधन विभाग

# नहर बंद नहीं हुई तो अमरवाड़ा में बनेंगे जल संकट के आसार

**नवभारत न्यूज**
**अमरवाडा, 26 फरवरी, नगर के पेयजल स्त्रोत सकरवाड़ा जलाशय की नहर जल संसाधन विभाग द्वारा तीन बार आवेदन देने के बाद भी बंद नही की जा रही हैं। जिससे ग्रीष्म काल में अमरवाडा मे जल संकट की स्थिति उत्पन्न हो सकती है।**

प्रशासन के अधिकारियों को नगर पालिका द्वारा विगत 15 दिनों में तीन बार नहर बंद करने के लिए आवेदन दिया जा चुका है। नहर के गेट मे पत्थर फसाकर जाम कर दिया गया है,जिसे हटाने भी जल संसाधन विभाग द्वारा कार्यवाही नही कर नहर बंद करने से मना कर दिया गया। इस सबंध मे नगर पालिका अध्यक्ष प्रीति नितिन तिवारी एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी दिशा डेहरिया ने लगातार पत्राचार कर अधिकारियों से नहर बंद करने मांग की है। नगर पालिका के जल कार्य विभाग सभापति विनोद साहू इंडिया ने कहा कि यदि जल संकट हुआ तो जल संसाधन विभाग इसका पूरा जिम्मेदार होगा।



**इनका कहना है**

डब्ल्यूआरडी से बात हुई है उनके अनुसार नहर से बहता हुआ पानी किसानों के लिए है। यदि जलाशय से नहर में पानी जाना बंद हो जाता है तो वह पानी पूरा नगर पालिका का है। वर्तमान में नहर से पानी जा रहा है तो वह अभी नियमों के मुताबिक उन्हें नहीं रोका जा सकता।

**हेमकरण धुर्वे,एसडीएम अमरवाड़ा**

### निवेदन के बाद भी अनदेखी कर रहा जल संसाधन विभाग

नगर पालिका अमरवाड़ा द्वारा लगातार पत्राचार के माध्यम से आगामी संकट से जूझने प्रयत्न किया जा रहे हैं परंतु ऐसे में भी जल संसाधन विभाग द्वारा अनदेखी की जा रही है। ज्ञात हो कि बीते 2 सालों में गर्मी के समय में समस्या को लेकर जल संसाधन विभाग की लापरवाही के चलते सकरवाड़ा, रानी कामत के ग्रामीण शिकवा शिकायत करते रहे हैं और अब शहरवासियों की आगामी परेशानियों को नजरअंदाज करने को लेकर अमरवाड़ा नगर पालिका ने भी जन संसाधन विभाग की कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताई है।

# होली त्योहार के मद्देनजर शांति समिति की बैठक संपन्न

## प्रशासन ने की आपसी सौहार्द और भाईचारे के साथ त्योहार मनाने की अपील



**नवभारत न्यूज**
**जुन्नारदेव, 26 फरवरी, स्थानीय थाना परिसर में आगामी प्रमुख त्योहारों होली पर्व को ध्यान में रखते हुए शांति समिति की बैठक संपन्न हुई, जिसमें एसडीओपी जुन्नारदेव, राजस्व विभाग के अधिकारी सहित नगर के गणमान्य नागरिक मुख्य रूप से उपस्थित रहे।**

### सुरक्षा और व्यवस्था पर चर्चा

बैठक के दौरान पुलिस और प्रशासन ने आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए रूपरेखा साझा की। एसडीओपी महोदय ने स्पष्ट किया कि त्योहारों के दौरान हुड़दंग करने वालों और सोशल मीडिया पर भ्रामक खबरें फैलाने वालों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। आपसी भाईचारा प्रशासन ने सभी समुदायों से अपील की कि होली के उल्लास को आपसी प्रेम और सद्भाव के साथ मनाएं। यातायात और बिजली व्यवस्थारू त्योहार के दौरान सुचारू यातायात और निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया। नियमों का पालनरू डीजे बजाने के समय और अन्य वैधानिक दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन करने की हिदायत दी गई। राजस्व विभाग की भूमिकारू राजस्व अधिकारियों ने शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए स्थानीय प्रशासन और पुलिस के बीच बेहतर समन्वय पर जोर दिया।

### नागरिकों से सुझाव

बैठक में उपस्थित शांति समिति के सदस्यों और प्रबुद्ध नागरिकों ने भी अपने सुझाव रखे। प्रशासन ने आश्वासन दिया कि त्योहारों के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहेंगे और हर छोटी-बड़ी गतिविधि पर पुलिस बल तैनात रहेगा।

### पिछली बैठक से प्रशासन ने लिया सबक

विगत दिनों महादेव मेले को लेकर की गई शांति समिति की बैठक में पत्रकारों व आम नागरिकों के द्वारा विधानसभा के उच्च अधिकारियों की अनुपस्थिति को लेकर चर्चा की गई थी जिसका असर इस शांति समिति की बैठक में देखने को मिला इसमें नगर के सभी विभाग के उच्च अधिकारी शामिल हुए।

### आगामी त्यौहारों को लेकर दमुआ थाना परिसर में भी शांति समिति की बैठक



**दमुआ।** पुलिस थाना प्रागंण दमुआ में नगर निरीक्षक प्रमोद सिरसाम ने आगामी त्यौहारों को लेकर शांति समिति की बैठक ली,बैठक में नायब तहसीलदार मोहित बोरकर सहित नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे, आगामी त्यौहार होली, रमजान तथा रंग पंचमी को सौहार्दपूर्ण वातावरण में शासन के दिशा निर्देशों का पालन करते हुये मनाया जायेगा इस पर सभी ने सहमति प्रदान की, होली के त्यौहार में किसी व्यक्ति के उपर जबरन न रंग डाला जाये, सड़क पर चलने वाले आम आदमी पर रंग पानी या गंदगी न फेकी जाये,त्यौहारों के दौरान गंदे कपड़े पानी बिजली के तारों पर न फैका जाये, सार्वजनिक स्थानों पर शराब का सेवन करके वाहन न चलाया जाये आदि मुद्दे बैठक के दौरान उठें।

**इनकी रही प्रमुख उपस्थिति :** भाजपा जिला उपाध्यक्ष योगेश साहू, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष नीटू गांधी, पूर्व नपा अध्यक्ष सुभाष गुलबाके ,पूर्व ब्लाक अध्यक्ष विनोद निरापुरे, पूर्व मंडल अध्यक्ष मोनू साहू, अजा,अजा अत्याचार निवारण सदस्य मोहन पाल, समाजसेवी मुकेश साहू,, पूर्व सभापति सौरभ शिवहरे, पूर्व मंडल महामंत्री मनोज दवण्डे, पार्षद राजेश नागले, रूपेश मानेराव, सदर हबीब वारसी सहित अशोक मस्कोले, ज्ञानसिंह ठाकूर, सूरज चौधरी, भीम डेहरिया आदि उपस्थित रहे।

### हर्रई थाना परिषर में होली पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक सम्पन्न




**हर्रई।** होली पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में मनाने के उद्देश्य से गुरुवार को हर्रई थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई।बैठक की अध्यक्षता एसडीएम हेमकरन धुर्वे,एसडीपीओ कल्याणी बरकड़े ने किया।बैठक में पुलिस प्रशासन के अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के पदाधिकारियों, समाजसेवियों और विभिन्न समुदायों के गणमान्य लोगों ने भाग लिया। बैठक में एसडीएम ने उपस्थित लोगों से अपील की कि होली के दौरान आपसी भाईचारा बनाये रखें, अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें. अधिकारियों ने कहा कि होली के दिन सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रहेगी, संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी जायेगी तथा गश्त बढ़ायी जायेगी।

# नियमों को ताक पर रखकर बेची जा रही शराब

## कम्पोजिट मदिरा दुकान डुंगरिया में नया कारनामा, अधिकारियों तक पहुंची ठेकेदार की शिकायत




**नवभारत न्यूज**
**डुंगरिया, 26 फरवरी, शासन के नियमानुसार कम्पोजिट मदिरा दुकान में ठेकेदार द्वारा अधिकतम रेट से अधिक तथा न्यूनतम रेट से कम दर पर शराब नहीं बेची जा सकती, परन्तु आबकारी विभाग के नियमों को ठेंगा दिखाते हुये शराब ठेकेदार द्वारा बकायदा बोर्ड लगाकर अधिक फायदे के चक्कर में मिनिमन रेट से भी कम रेट में विभिन्न अंग्रेजी ब्राण्ड की शराब को धड़ल्ले से बेचा जा रहा है।**

इस संदर्भ में विभाग के क्षेत्रीय अधिकारियों द्वारा कार्यवाही करने की बात कही तो जाती है परन्तु मामले को दबाने में ज्यादा रूचि ली जाती है ऐसा नहीं है नियम विरूद्ध यह कार्य सम्बंधित ठेकेदार द्वारा पहली बार किया गया हो पूर्व में भी इसी ठेकेदार द्वारा बकायदा बोर्ड लगाकर नियमों को ठेंगा बताते हुये ऐसा कारनामा किया गया था, नियमतःठेकेदार के विरूद्ध लाइसेंस निरस्त करने,कुछ दिनों के लिये दुकान बंद करने तथा जुर्माना आदि भरने की कार्यवाही ऐसा करने पर की जा सकती है।

**इनका कहना है**

मुझे इस सम्बंध में जानकारी मिली है जांच कर कार्यवाही की जावेगी,

श्री वैद्य,
जिला आबकारी अधिकारी छिंदवाड़ा

# राजस्व विभाग की कार्यवाही के बाद भी ठेकेदार ले रहे थे निर्माण में नदी का पानी

## पंचायत सचिव ने मोटर वायर पाइप जप्त कर बनाया पंचनामा



**नवभारत न्यूज**
**तामिया, 26 फरवरी, तामिया तहसील में इक्का-दुक्का विभाग को छोड़ दे तो यहां की नौकरशाही निरंकुश एवं मनमाने तरीके से नौकरी कर रही है। इसके कई उदाहरण है ऐसा ही एक उदाहरण इन दिनों चर्चा का विषय बना हुआ है कि पिछले ग्राम पंचायत तामिया के सचिव एवं पटवारी ने पुराने मिडिल स्कूल परिसर में दो छात्रावास निर्माण बन रहे हैं।**

जिनकी कार्यकारी एजेंसी विभाग कौन है, इसका कोई उल्लेख नहीं है। यह भी नौकरशाही की मनमानी का जीता जागता उदाहरण है क्योंकि निर्माण कार्य जिस स्तर से कराया जा रहा है उससे लगता है कि ठेकेदारों को किसी का डर नहीं है क्योंकि ठेकेदारों द्वारा पीछे वाली नदी मैं संचित जल जो जीव जंतु पशु पक्षियों के लिए उपयोग में आता है उसे निर्माण कार्य में उपयोग कर रहे थे,जिस पर कार्रवाई हुई थी और एसडीएम जुन्नारदेव ने प्रकरण दर्ज करने के निर्देश दिए थे लेकिन उनके निर्देश हवा हुए और ठेकेदारों ने पुनः नदी के संचित जल को अपने निर्माण मै उपयोग करना शुरू किया यह सिलसिला लंबे दिनों से चल रहा था।ग्रामीण की शिकायत पर आज पंचायत के कर्मचारी निर्माण स्थल के पीछे नदी पर पहुंचे जहां पर पनडुब्बी से ठेकेदार निर्माण में संचित जल का उपयोग करते पाया गया जिसका उन्होंने आज पंचनामा बनाकर पनडुब्बी मोटर बायर पाइप जप्त किया लेकिन सवाल यह खड़ा होता है कि एसडीएम की मनाही पंचायत सचिव की कार्रवाई के बावजूद ठेकेदार ने किसकी दम पर मनाही के बाद नदी के पानी का उपयोग कर रहा था। इस तरह सिद्ध हो गया कि व तामिया में नौकरशाही या तो कामि नहीं करती या जनहित का नुकसान करने वाले के पक्ष में खड़ी रहती है कम से कम आज हुई इस करवाई से तो यही सिद्ध होता है।

# जाटाछापर में स्वास्थ्य परीक्षण कैंप का आयोजन



**नवभारत न्यूज**
**परासिया, 26 फरवरी, ग्राम पंचायत जाटाछापर स्थित कौमी एकता मंगल भवन में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में नागरिकों का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा आवश्यक दवाइयों का वितरण भी किया गया।**

कार्यक्रम में जनपद पंचायत उपाध्यक्ष जमील खान और सरपंच नरेंद्र की उपस्थिति रही। शिविर के दौरान कुल 155 नागरिकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। साथ ही 17 जरूरतमंद लोगों को जनपद उपाध्यक्ष जमील खान की ओर से निशुल्क नंबर वाले चश्मे प्रदान किए गए। शिविर में ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया और आयोजन की सराहना की।

# आरोपी तक नहीं पहुंच पाई पुलिस, लगातार बयान बदल रही नाबालिग

**नवभारत न्यूज**
**परासिया, 26 फरवरी, मानसिक रूप से कमजोर नाबालिग को गर्भवती बनाने के मामले में अब तक पुलिस मुख्य आरोपी तक नहीं पहुंच सकी है। पूछताछ के दौरान नाबालिग द्वारा लगातार बयान बदले जाने से जांच में कठिनाई आ रही है, जिससे पुलिस की मुश्किलें बढ़ गई हैं।**




सूत्रों के अनुसार, प्रारंभिक पूछताछ में नाबालिग ने कुछ युवकों के नाम बताए थे, जिन्हें पुलिस ने तत्काल राउंडअप कर लिया। हालांकि शिनाख्त के समय नाबालिग अपने ही बयान से मुकर गई, जिसके चलते जांच की दिशा फिर बदलनी पड़ी। क्षेत्र को शर्मसार करने वाले इस गंभीर मामले में पुलिस अब अन्य संभावित एंगल से भी जांच कर रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि यदि पीड़िता पूछताछ में सहयोग करती है तो आरोपियों तक जल्द पहुंचा जा सकता है। बताया जा रहा है कि नाबालिग की मां भी मानसिक रूप से अस्वस्थ है। ऐसे में घर पर किसका आना-जाना था और नाबालिग किन लोगों के संपर्क में थी, इस संबंध में स्पष्ट जानकारी नहीं मिल पा रही है। फिलहाल पुलिस ने दावा किया है कि मामले का शीघ्र खुलासा किया जाएगा और दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई जाएगी।

# शक्कर पेंच लिंक परियोजना से हर्रई क्षेत्र के किसानों को पानी देने की उठी मांग

## जनपद सदस्यों ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन



**नवभारत न्यूज**
**हर्रई, 26 फरवरी, शक्कर पेंच लिंक परियोजना से हर्रई क्षेत्र के किसानों को पानी देने की मांग अब लगातार तेज हो गई है लगातार क्षेत्र के जनप्रतिनिधि किसानों के हित में आगे आने लगे हैं।इसी क्रम में गुरुवार को हर्रई जनपद पंचायत क्षेत्र के समस्त जनपद सदस्यों ने पानी की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौपा।**

ज्ञापन में उन्होंने बताया कि हर्रई क्षेत्र के किसान विगत कुछ वर्षों से सिंचाई जल के अभाव में अत्यंत कठिन परिस्थितियों का सामना कर रहे हैं।बर्षा की अनियमितता एवं भूजल स्तर में निरंतर गिरावट के कारण कृषि कार्य प्रभावित हो रहा है।जिससे किसानों की आर्थिक स्थिति भी कमजोर हो रही है।शक्कर पेंच लिंक परियोजना फेस वन हरद नदी एवं फेस टू शक्कर हरद नदी संगम अंतर्गत बांध निर्माण किया जा रहा है जो प्रदेश की महत्वपूर्ण सिचाई परियोजना में से एक है।यदि उक्त परियोजना के अंतर्गत नहर के माध्यम से हर्रई क्षेत्र को सिचाई के लिए पानी उपलब्ध कराया जाता है तो हजारो किसानों को सीधा लाभ प्राप्त होगा एवं कृषि उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि क्षेत्र की किसानों को जल्द से जल्द पानी उपलब्ध कराए जाएं।ज्ञापन सौपते समय जनपद पंचायत अध्यक्ष कंचना उइके,जनपद सदस्य चंदू कुडोपा, जनपद सदस्य राजकुमार उइके,जनपद सदस्य नत्थूलाल उइके,जनपद सदस्य शिवनारायण कुडोपा,जनपद सदस्य ललित बट्टी सहित अन्य मौजूद रहे।

ज्ञापन | सांसद को पार्षद ने सौंपा विस्तृत मांग पत्र

# मंधान डैम का पानी जुन्नारदेव लाने की कवायद तेज

**नवभारत न्यूज**
**जुन्नारदेव, 26 फरवरी, नगर पालिका क्षेत्र में इस वर्ष मानसून की बेरुखी और पेंच नदी के जलस्तर में आई भारी गिरावट ने प्रशासन और जनता की चिंता बढ़ा दी है। शहर में जल परिवहन (टैंकर) की स्थिति निर्मित होने के बीच, जनसमस्याओं के प्रति सदैव सजग रहने वाले सांसद विवेक बंटी साहू अब जुन्नारदेव के तारणहार बनकर सामने आए हैं।**



वार्ड नंबर आठ के पार्षद एवं वार्ड बारह के पार्षद ने क्षेत्र की विकराल समस्या को देखते हुए सांसद को एक विस्तृत मांग पत्र सौंपा। पार्षदों ने निवेदन किया कि मंधान डेम योजना के तहत सुकरी क्षेत्र में बिछी पाइपलाइन से यदि नगरीय क्षेत्र को पेयजल पॉइंट उपलब्ध करा दिए जाते हैं, तो पूरे शहर की जल समस्या का स्थाई समाधान हो जाएगा।

वर्तमान में पेंच नदी का पानी समाप्त होने से जल संकट गहरा गया है। इस पर संज्ञान लेते हुए सांसद श्री साहू ने सकारात्मक रुख दिखाया है। सांसद के इस पक्ष ने जनता में नई उम्मीद जगा दी है कि अब शहर को टैंकरों के भरोसे नहीं रहना पड़ेगा। सांसद ने इस मामले को प्राथमिकता पर लेते हुए विभाग को निर्देशित करने का भरोसा दिलाया है। पार्षद प्रमोद बंदेवार ने बताया कि सांसद का विजन छिंदवाड़ा, पांढुरना संसदीय क्षेत्र के हर घर तक शुद्ध पेयजल पहुँचाना है। जुन्नारदेव की इस मांग को उन्होंने गंभीरता से सुना है और उम्मीद है कि जल्द ही मंधान डेम का पानी जुन्नारदेव की पाइपलाइनों में दौड़ता नजर आएगा।

# मिशन न्यू इंडिया के जिला अध्यक्ष बने गोविन्द दनताले

**बिछुआ।** बिछुआ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत संकल्प को साकार करने के लिए कार्य करने वाले संगठन मिशन न्यू इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष रवि चाणक्य एवं प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट आशीष मेघानी के सहमति से संघठन ने भाजपा नेता गोविन्द दनताले को मिशन न्यू इंडिया का छिंदवाड़ा जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। इस नियुक्ति पर संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने इस नव नियुक्ति पर हर्ष व्यक्त करते हुए मिशन न्यू इंडिया जिला अध्यक्ष गोविन्द दनताले को बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।